Second Yen Credit for Gujarat Power

@3483. SHRI ANANTRAY DEVSHANKAR DAVE: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether Government of Gujarat has requested for second yen credit for procurement of power house equipment to be supplied from Japan;

(b) whether the Japanese loan is not forthcoming, whether Government of India is releasing force foreign exchange to complete the supply; and

(c) whether the Government of India are aware of the schedule date of commissioning of the units of SS power house; will there be any delay in the commission schedule due to delay in for eign exchange release?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P. K. THUNGON): (a) to (c) The Government of Gujaiat had requested for release of Second slice of loan from Overseas Economic Cooperation Fund (OECE), Japa'a for procurement of River Bed Power House of Sardar Sarovar Project. But efforts to get the second slice of Overseas Economic Cooperation Fund loan have not yielded any tangible results so far. However, efforts for getting manufacturer's loan assistance are in progress. As per the construction schedule of the project, the units of River Bed Power House are expected to be completed by 1988-99.

मध्य प्रदेश में बांध और सिंचाई परियोजनायें

@@ 3484. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में बांधों और उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए 1990–91 से 1992–93 के दौरान वर्षवार कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई ;

(ख) विभिन्न परियोजनाओं का निर्माण कार्य किस सीमा तक पूरा कर लिया गया है और कितनी सिंचाई क्षमता का विकास किया गया ;

(ग) इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत किस एजेंसी को इनके अनुरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान सिंचनेतर प्रयोजनों से कुल कितने बांधों का निर्माण किया गया है और उनके निर्माण पर कितनी लागत आई; और

(ङ) बांध निर्माण के आधार एवं उसकी उपयोगिता के लिए निर्धारित मानदण्डों और उन मानदण्डों के किए गए मूल्यांकन का ब्यौरा क्या है।

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री पी.के. थुंगन) (क) से (ङ) स्टोप बांध और लिफ्ट सिंचाई परियोजनायें सामान्यतया लघु सिंचाई स्कीमें हैं, जो राज्य सरकारों द्वारा स्वयं स्वीकृत की जाती हैं। उनका ब्यौरा केन्द्र में नहीं रखा जाता है।

अनेक परियोजनाओं का कार्यान्वयन

3485. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :
क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 12 अगस्त, 1993 के "पायनीयर" में "21 प्रोजेक्ट्स कम्पलीटेड अन्डर नर्मदा स्कीम" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

%Previously Unstarred Question 2567, transferred from 17th August, 1993.

@@ पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 2230, 12 अगस्त, 1993 से स्थानांतरित।